# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

(अपील संख्या–2970 / 2015)

कुलज्योति शर्मा **–अपीलार्थी**

**बनाम**

राजस्थान राज्य जरिये, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर, राजस्थान एवं अन्य।

**–प्रत्यर्थीगण**

**आदेश की दिनांक** : 14.07.2023

**उपस्थित :–**

अपीलार्थी की ओर से : श्री शरत चन्द सेठी, अभिभाषक

प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री गौरव सिंह, राजकीय अभिभाषक

**समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)**

**लेखराज तोसावड़ा, सदस्य**

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने यह कथन किया है कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति वर्ष 1962 में हुई थी एवं अपीलार्थी को व्याख्याता के पद से दिनांक 29.02.2002 को सेवानिवृत्त हुआ। सेवानिवृत्त होने से पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, सवाईमाधोपुर ने पत्र निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान को प्रेषित किया, जिसमें यह निवेदन किया गया था कि अपीलार्थी को वरिष्ठ वेतनमान स्वीकृत किया जाये। अपीलार्थी ने भी एक अभ्यावेदन दिनांक 22.07. 2009 को प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने बकाया चयनित वेतनमान का लाभ प्रथम नियुक्ति से दिये जाने की प्रार्थना की है। अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी को प्रथम नियुक्ति से गणना कर वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया है और प्रत्यर्थी विभाग से आलौच्य आदेश दिनांक 12.11.2013 (अनुलग्नक–8) जारी कर यह माना है कि अपीलार्थी को चाहा गया लाभ देय नहीं है। अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि उक्त आदेश अनुलग्नक–8 गलत और विधि–विरूद्ध है।
2. प्रत्यर्थी विभाग की ओर से जवाब प्रस्तुत कर यह कथन किया है कि अपीलार्थी राजपत्रित अधिकारी है। अतः अपीलार्थिया को डीपीसी चयन वर्ष से 10 वर्ष पश्चात् ही चयनित वेतनमान देय है। अपीलार्थिया का व्याख्याता पद पर तदर्थ नियुक्ति दिनांक 22–11–1983 में हुई थी परन्तु डीपीसी चयन 1991–92 में हुआ था। अतः अपीलार्थिया को डीपीसी चयन वर्ष के अन्तिम दिवस 31–3–1992 से चयनित वेतनमान हेतु 10 वर्ष दिनांकः 31–3–2002 को पूर्ण होते हैं परन्तु अपीलार्थिया 10 वर्ष पूर्ण होने से पूर्व ही दिनांकः 28–2–2002 को राज्य सेवा से सेवानिवृत हो गई। अतः अपीलार्थिया को नियमानुसार

चयनित वेतनमान देय नहीं है। अपीलार्थिया दिनांक 28–2–2002 को राज्य सेवा से सेवानिवृत हो गई थी दिनांक 26–6–2009 का राजकीय सर्कुलर अपिलार्थिया के सेवानिवृत होने के पश्चात् जारी हुआ है जो अपीलार्थिया के प्रकरण पर लागू नहीं होता। उक्त सर्कुलर के आधार पर अपीलार्थिया कोई लाभ प्राप्त करने की अधिकारिणी नहीं है। अपीलार्थिया का व्याख्याता के पद पर तदर्थ नियुक्ति 22–11–1983 से हुई है परन्तु अपीलार्थिया की विभागीय पदौन्नति समिति द्वारा नियमित पदौन्नति वर्ष 1991–92 से किया गया है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने एसबीसीडब्लू 14491/2013 निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान–बीकानेर व अन्य बनाम इन्दु शर्मा व अन्य में निर्णय दिनांक 12–8–15 में नियमित पदौन्नति से 10 वर्ष पश्चात् ही चयनित वेतनमान देने को सही माना है। अतः अपील खारिज किये जाने योग्य है।

3. हमनें दोनों पक्षों द्वारा दिये गए तर्कों पर विचार किया तथा पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। माननीय उच्च न्यायालय के प्रकरण एस.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 14491/2013 निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर बनाम श्रीमती इन्दू शर्मा व अन्य में निर्णय दिनांक 12.08.2015 में निम्न प्रकार से आदेश पारित किया है :–

"1. The State-petitioners are aggrieved of the order dated 11th December, 2002, passed by the Rajasthan Civil Services Appellate Tribunal, at Jaipur (for short 'the Tribunal'), upholding the claim of the respondent-employee for benefit of selection scale from the date of her initial appointment i.e. 30th November, 1987, on completion of ten years of service, and therefore, have assailed the legality, validity and correctness of the impugned order dated 11th December, 2002, praying for the following relief(s):-

"[i] by an appropriate writ, order or direction the impugned order dated 11.12.2012 [Annexure-4] passed by the learned Rajasthan Civil Services Appellate Tribunal in Appeal (2 of 4) [CW-7708/2022] No.192/2004 may kindly be held illegal, arbitrary, perverse and unconstitutional, and, therefore, the same may kindly be quashed and set aside and the appeal of the respondent- appellant may kindly be dismissed.

[ii] Any other writ, order or direction which the Hon'ble Court deems fit and proper in the facts and circumstances of the case, the same may kindly bepassed in favour of the humble petitioners.

[iii] Cost of the writ petition may kindly be awarded in favour of the petitioners."

2. Briefly, the skeletal material facts necessary for appreciation of the controversy raised herein needs to be first noticed. The respondent-employee (Smt.

Indu Sharma), was initially appointed as Teacher Grade-II vide order dated 23rd December, 1986. She was further promoted to the post of Lecturer (Chemistry) [School Education] vide order dated 30th November, 1987, purely on ad hoc/ temporary basis. The respondent-employee was accorded regular promotion to the post of Lecturer (School Education) by the Departmental Promotion Committee (for short 'D.P.C.') on 20th October, 1996. On an appeal preferred before the Tribunal by the respondent-employee, the State- petitioners have been directed to count the service of ten years, for the benefit of selection scale, from the date the

respondent-employee was promoted on ad hoc basis to the post of Lecturer (School Education) i.e. 30th November, 1987.

3. Learned counsel appearing on behalf of the State-petitioners, reiterating the pleaded facts and grounds of the writ application, stressed that the respondent- employee was accorded promotion to the post of Lecturer (School Education), purely on ad hoc/ temporary basis for a period of one year or till the selected candidates were made available by the DPC or till (3 of 4) [CW-7708/2022] further orders, whichever is earlier. In support of his submissions, reliance is placed on the opinion of the Hon'ble Supreme Court in the case of State of Rajasthan & Ors. v. Jagdish Narain Chaturvedi: (2009) 12 SCC 49.

4. In response to the notice of the writ application, the respondent-employee has filed her counter-affidavit, reiterating the stand in the memo of the appeal before the Tribunal and supporting the impugned order dated 11th December, 2012, passed by the Tribunal. Learned counsel appearing on behalf of the respondent employee submits that the impugned order passed by the Tribunal is perfectly legal and valid, having regard to the singular facts and circumstances of the instant case at hand, and therefore, calls for no interference by this Court in exercise of writ jurisdiction under Article 226 and/or 227 of the Constitution of India.

5. I have heard the learned counsel for the parties and with their assistance, perused the materials available on record as well as gave my thoughtful consideration to the rival submissions at Bar.

6. The factual matrix as to appointment of the respondent purely on ad hoc/temporary basis vide order dated 30th November, 1987, as well as the regular promotion accorded on the recommendations of the DPC on 20th October, 1996, is not in dispute.

7. In view of the admitted factual matrix, the controversy raised herein may not detain this Court for long in the face of authoritative pronouncement on the issue by the Hon'ble Apex Court of the land in the case of Jagdish Narain Chaturvedi (supra), wherein the Hon'ble Supreme Court held that promotion has to be in the existing cadre in service. Ad hoc appointment is always to a post, but not to the cadre/service and is not made in terms of recruitment rules for regular appointment. In case of ad hoc employees, stagnation is till regularization is made. The stress in the present case is on 'regular' appointment to cadre/service. The question of promotion arises only when appointment is a regular appointment. Further, appointment to the post is not relevant; on the other hand, what is relevant is the period relatable to cadre of (4 of 4) [CW-7708/2022] the service. Therefore, while reckoning the required length of service, the period of ad hoc service has to be excluded.

8. In view of the law declared by the Hon'ble Supreme Court in the case of Jagdish Narain Chaturvedi (supra), it is evident that the respondent-employee was not appointed in any existing cadre/ service, and therefore, ad hoc/temporary appointment will not qualify to be treated as 'regular appointment'.

9. For the reasons and discussions herein above and in view of the law declared by the Hon'ble Supreme Court in the case of Jagdish Narain Chaturvedi (supra), the impugned order passed by the learned Tribunal cannot be sustained and has to be quashed and set aside.

10. Ordered accordingly.

11. Consequently, the writ application succeeds. The impugned order dated 11th December, 2002, is hereby quashed and set aside.

12. In view of the final adjudication on the writ application, the stay application stands closed.

13. However, in the facts and circumstances of the case, there shall be no order as to costs."

4. उपरोक्त न्याय निर्णय को दृष्टिगत रखते हुए हम यह पाते हैं कि चूंकि अपीलार्थी को डीपीसी चयन वर्ष से 10 वर्ष पश्चात ही चयनित वेतनमान देय है। ऐसे में अपीलार्थी द्वारा चाहा गया अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

5. अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील खारिज की जाती है।

**(लेखराज तोसावड़ा)**
**सदस्य**

**(अनन्त भंडारी)**
**सदस्य (न्यायिक)**